राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर
अध्यक्ष सचिवालय,

क्रमांक: TACM/WC/21/10-11/ 93 दिनांक22जुलाई 2010

## कार्यवाही विवरण

### कार्य समिति बैठक संख्या 03 / 2010–11
दिनांक : 19.07..2010

कार्य समिति की बैठक दिनांक 19.07..2010 को सायं 04.00 बजे माननीय अध्यक्ष, राजस्थान आवासन मण्डल की अध्यक्षता में बोर्ड रूम में सम्पन्न हुई।

उपस्थित:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री ललित कोठारी, अध्यक्ष, राज.आ.म.जयपुर | अध्यक्ष |
| 2. | श्री पी.के.गोयल,आवासन आयुक्त राज.आ.म.जयपुर | सदस्य |
| 3. | श्री एच.सी. अग्रवाल, मुख्य अभियन्ता, राज.आ.म. जयपुर | सदस्य |
| 4. | श्री अनिल जैन, वि0स0 एवं मु0लेखाधिकारी, राज. आ. म., जयपुर | सदस्य |
| 5. | श्री एन.के. खरे, अति. मुख्य नगर नियोजक, प्रतिनिधि मु.नगर नियोजक, | सदस्य |
| 6. | श्री के.सी. मीणा, अति0 मु0 अ0 (प्रथम), राज. आ.म., जयपुर | सदस्य |
| 7. | श्री डी.सी. बाबेल, अति0 मु0अ0 (तृतीय), राज. आ. म, जयपुर। | सदस्य |
| 9. | श्री के.एन. माथुर, तक0 सहायक–अध्यक्ष, राज. आ. म., जयपुर | सदस्य–सचिव |

विशेष आमंत्रित:

1. श्री आर.के. अग्रवाल, तकनीकी सहायक–मुख्य अभियंता, राज.आ.मण्डल, जयपुर।
2. श्री नत्थूराम, उप आवासन आयुक्त एवं तकनीकी सहायक, आवासन आयुक्त, रा.आ.म., जयपुर।

बैठक के प्रारम्भ में माननीय अध्यक्ष महोदय ने कहा कि प्रायः यह देखने में आया है कि परियोजना की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के पश्चात् लागत में बढ़ोतरी होने पर अतिरिक्त स्वीकृति के प्रस्ताव तैयार किए जाते हैं जो कि सही प्रकिया नहीं है। परियोजना की लागत में बढ़ोतरी होने पर योजना के लिए संशोधित स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने चाहिए जिससे परियोजना का सही प्रकार आंकलन हो सके। अध्यक्षजी ने निर्देश दिए कि भविष्य में इस बात का ध्यान रखा जाए। उन्होने यह भी निर्देश दिए कि कार्य पूर्ण होने के तीन माह में कार्य का अन्तिम बिल बनाया जाकर विचलन प्रपत्र, अतिरिक्त आईटम एवं समयावधि बढाने के प्रकरण सम्बन्धित आवासीय अभियन्ताओं द्वारा सक्षम अधिकारी को अवश्य प्रस्तुत कर दिए जाने चाहिए।

कार्य समिति के समक्ष प्रस्तुत एजेन्डा पर विस्तृत विचार विमर्श पश्चात् निम्न निर्णय लिये गये:–

Agenda No. 1 Confirmation of Minutes of the Works Committee meeting No. 2/10-11 held on 9.6.10.

बैठक के प्रारम्भ में दिनांक 9.6.2010 को आयोजित बैठक के कार्यवाही विवरण की सर्वसम्मति से पुष्टि की गई।

Agenda No. 2 Action Taken Report - Works Committee meeting No. 2/10-11 held on 9.6.2010.

विचार बिन्दु पर चर्चा कर गत बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया।

Agenda No. 3 Approval of Tender for P/L/J of UPVC pipe line in Sector-3, Indira Gandhi, Jaipur. Contractor - M/s. Deep Construction Co.

अति. मुख्य अभियन्ता-प्रथम ने समिति को बताया कि समिति के समक्ष प्रस्तुत निविदा की राशि रु. 10.00 लाख से कम है तथा इसे स्वीकृत करने हेतु वित्तीय नियमों के अनुसार आवासीय अभियन्ता स्वयं सक्षम है। परन्तु ईन्दिरा गांधी नगर योजना में सेक्टर-1 से 4 के कार्य स्वीकृति के सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप निविदा को स्वीकृति हेतु कार्य समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

कार्य सैक्टर-3 ईन्दिरा गांधी नगर में पानी की सप्लाई हेतु यूपीवीसी की लाईन डालने से सम्बन्धित है। क्योंकि दरें बी.एस.आर. में उपलब्ध नहीं थी। अतः आईटम रेट आधार पर निविदा आमंत्रित की गई। निविदा सूचना के अनुसार निविदा की अनुमानित लागत रु. 15.00 लाख थी जबकि प्राप्त निविदा की राशि रु. 9.40 लाख है। दरों के आंकलन एवं आर.टी.पी. के आधार पर प्राप्त की गई दरें उचित हैं एवं स्वीकृत करने योग्य है।

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार कर यह निर्णय लिया गया कि प्रस्तावानुसार न्यूनतम निविदादाता मैसर्स दीप कन्स्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा निविदानुसार दी गई दरें इत्यादि जिनकी निविदा राशि रु. 940326.00 है, स्वीकृत कर दी जाए।

समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि भविष्य में इस प्रकार के प्रकरण, जो सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकृत किए जा सकते हैं परन्तु उन्हे राज्य सरकार के निर्देशों के अनुसार कार्य समिति के समक्ष रखे जाने की बाध्यता हैं, ऐसे प्रकरणों में सक्षम अधिकारी से एक स्तर ऊपर के अधिकारी द्वारा निविदा स्वीकृत कर दी जाए एवं इसके पश्चात् प्रकरण कार्य समिति की आगामी बैठक में अवलोकनार्थ एवं कार्योत्तर पुष्टि हेतु प्रस्तुत किए जाए।

Agenda No. 4 Approval of Tender for P/L/J lateral sewer line in Sector-03, Indira Gandhi, Jaipur. Contractor - M/s. Marudhar Construction Co.

अति. मुख्य अभियन्ता-प्रथम ने समिति को बताया कि समिति के समक्ष प्रस्तुत निविदा की राशि रु. 17.38 लाख है तथा इसे स्वीकृत करने हेतु वित्तीय नियमों के अनुसार उप आवासन आयुक्त सक्षम है। परन्तु ईन्दिरा गांधी नगर योजना में सेक्टर-1 से 4 के कार्य स्वीकृति के सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप निविदा को स्वीकृति हेतु कार्य समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

कार्य सैक्टर-3 ईन्दिरा गांधी नगर में सीवर लाईन डालने से सम्बन्धित है। निविदा में जी-शिड्युल जयपुर बी.एस.आर. 2008 पर आधारित है जिस पर दरें 32.33 प्रतिशत कम प्राप्त हुई है एवं आर.टी.पी. को दृष्टिगत रख तथा पूर्व स्वीकृत दरों को दृष्टिगत रख उचित प्रतीत होती है एवं स्वीकार करने योग्य है।

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार कर यह निर्णय लिया गया कि प्रस्तावानुसार प्रथम न्यूनतम दर दाता मैसर्स मरूधर कन्स्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा बी.एस.आर. 2008 पर आधारित जी-शिड्युल से 32.33 प्रतिशत कम दी गई दर स्वीकृत की जाए।

समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि भविष्य में इस प्रकार के प्रकरण, जो सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकृत किए जा सकते हैं परन्तु उन्हे राज्य सरकार के निर्देशों के अनुसार कार्य समिति के समक्ष रखे जाने की बाध्यता हैं, ऐसे प्रकरणों में सक्षम अधिकारी से एक स्तर ऊपर के अधिकारी द्वारा निविदा स्वीकृत कर दी जाए एवं इसके पश्चात् प्रकरण कार्य समिति की आगामी बैठक में अवलोकनार्थ एवं कार्योत्तर पुष्टि हेतु प्रस्तुत किए जाए।

Agenda No. 5 Approval of Tender for finishing work of LIG (G+3) 128 Nos. Flats in Sector-9, Pratap Nagar, Sangaer, Jaipur. Contractor - M/s. R.P. Goyal.

अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि निविदा के सम्बन्ध में समिति की गत बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि न्यूनतम निविदादाता मैसर्स आर.पी. गोयल को जयपुर बी.एस.आर. 2008 पर आधारित जी–शिड्युल से 10.31 प्रतिशत कम दर देने हेतु काउन्टर ऑफर दिया जाए। समिति के निर्णय के अनुसार मैसर्स आर.पी. गोयल को काउन्टर ऑफर दी गई जिसे निविदादाता द्वारा स्वीकार कर लिया गया। चूंकि काउन्टर ऑफर की दर कार्य समिति द्वारा निर्धारित की गई थी जिसे निविदादाता द्वारा स्वीकार कर ली गई थी अतः अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्यादेश जारी कर दिया गया। प्रकरण कार्य समिति के अवलोकनार्थ एवं कार्योत्तर स्वीकृति हेतु प्रस्तुत है।

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार कर प्रकरण में मैसर्स आर.पी. गोयल द्वारा स्वीकार की गई काउन्टर ऑफर जयपुर बी.एस.आर. 2008 पर आधारित जी–शिड्युल से 10.31 प्रतिशत कम दर को अध्यक्ष महोदय की अनुमति पश्चात् जारी किए गए कार्यादेश की कार्योत्तर स्वीकृति दी गई।

Agenda No. 6 Approvai of Tender for construction of HIG 22 & MIG-B 18 Nos. = Total 40 Nos. houses at Residential Scheme, PKM New Land, Udaipur. Contractor - M/s. B.L. Choudhary.

अति. मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने समिति को बताया कि निविदा में न्यूनतम निविदादाता उदयपुर वृत्त की बी.एस.आर. 2007 एवं बिजली हेतु बी.एस.आर 2004 पर दर 23.77 प्रतिशत अधिक दी गई। दरें अधिक प्रतीत होने पर न्यूनतम निविदादाता से मुख्य अभियन्ता स्तर पर संशोधित दरें मांगी गई। न्यूनतम निविदादाता द्वारा संशोधित दर 17.77 प्रतिशत अधिक दी गई जबकि आर.टी.पी. 23.73 प्रतिशत अधिक आंकी गई। उन्होने यह भी बताया कि पूर्व में माह मार्च, 2010 में एस.ई.आर. स्कीम, उदयपुर हेतु मैसर्स अंकित कन्स्ट्रक्शन को एम.आई.जी.–ए के 100 मकानों हेतु स्वीकृत की गई दरें उदयपुर वृत्त की बी.एस.आर. 2007 एवं बिजली हेतु बी.एस.आर 2004 पर दर 7.59 प्रतिशत अधिक दी गई।

प्रकरण में समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार कर यह पाया कि गत् फरवरी/मार्च मे कार्य समिति द्वारा स्वीकृत की गई दरों को आधार माना जाए तो संशोधित दरें भी अधिक प्रतीत होती है। अतः यह निर्णय लिया गया कि न्यूनतम निविदादाता मैसर्स बी.एल. चौधरी को जी–शिड्युल पर 7.59 प्रतिशत अधिक दर देने हेतु काउन्टर ऑफर दिया जाना उचित रहेगा तथा न्यूनतम निविदादाता द्वारा काउन्टर ऑफर स्वीकार नहीं किए जाने की दशा में नियमानुसार अग्रिम प्रक्रिया अपनाई जाए। न्यूनतम निविदादाता द्वारा काउन्टर ऑफर स्वीकार किए जाने की दशा में अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्यादेश जारी कर दिया जाए।

Agenda No. 7 स्ववित्त पोषित योजना के अर्न्तगत निर्माणाधीन बहुमंजिले 72 फ्लैट्स (रामकृष्ण अपार्टमेन्ट) शिप्रा पथ मानसरोवर के निर्माण हेतु कार्यादेश की राशि पर से प्रतिबंध हटाने बाबत।

अति. मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने बताया कि मानसरोवर में रामकृष्ण अपार्टमेन्ट योजना के अर्न्तगत 72 फ्लैट्स का निर्माण प्रारम्भ किया गया था जिसके लिए प्रारम्भ में 894.63 लाख रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दिनांक 13.2.08 को जारी की गई। निविदा आमंत्रित करने पर न्यूनतम निविदादाता मैसर्स आन्नदीलाल लालपुरिया की उचित पाई गई न्यूनतम दर के अनुसार निविदा राशि रु. 921.46 लाख राशि थी। चूंकि निविदा राशि प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति से अधिक थी अतः निविदा स्वीकृत करते समय प्रस्तावानुसार कार्यादेश की राशि रु. 840.36 लाख तक (भवन निर्माण की अनुमानित लागत) ही सीमित रखी गई चूंकि संशोधित प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति विचाराधीन थी। उन्होने यह बताया कि इस कार्य हेतु अतिरिक्त प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति कार्यालय आदेश कमांक 1163 दिनांक 12.10.09 को अति. मुख्य अभियन्ता–द्वितीय द्वारा जारी की जा चुकी है अतः कार्यादेश जारी करते समय संशोधित स्वीकृति की अपेक्षा में जो राशि की सीमा रु. 840.36 लाख रखी गई थी उस प्रतिबन्द को हटाते हुए उसे निविदा राशि रु. 921. 46 लाख तक बढ़ाया जाना उचित रहेगा।

प्रस्ताव पर विचार कर समिति द्वारा तथ्यों को दृष्टिगत रख प्रस्तावानुसार मैसर्स आनन्दीलाल लालपुरिया के कार्यादेश की राशि रु. 840.36 लाख से बढ़ाकर निविदा अनुसार न्यूनतम निविदादाता द्वारा दी गई राशि रु. 921.46 लाख तक किए जाने का निर्णय लिया। अध्यक्ष महोदय द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि कार्य को यथाशीघ्र पूरा करा कर आवंटियों को सम्भलवाने का प्रयास किया जाए। कार्य समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि अतिरिक्त प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति किया जाना उचित नहीं है। भविष्य में इस तरह के प्रकरणों में संशोधित प्रशासनिक / वित्तीय स्वीकृति जारी की जाए।

Agenda No. 8 Approval of Extra Item for Construction of Primary School at Tonk. Contractor - M/s. Shri Durga Construction.

अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि मण्डल की टोंक आवासीय योजना में एक प्राथमिक विद्यालय भवन का निर्माण किया गया। इस कार्य हेतु रु. 7.96 लाख राशि का कार्यादेश मैसर्स दुर्गा कन्स्ट्रक्शन को दिया गया। निर्माण अवधि में ही जिला कलेक्टर महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि भवन में एक अतिरिक्त कमरे का निर्माण तथा साथ ही स्त्री एवं पुरुष हेतु पृथक शौचालयों का निर्माण करवाया जाए। जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार भवन में अतिरिक्त कार्य करवाए गए जिनका प्रावधान मूल जी–शिड्युल में नहीं होने के कारण अतिरिक्त आईटम करवाने पड़े। इन अतिरिक्त आईटम की लागत रु. 2.36 लाख थी जो कि कुल कार्यादेश राशि का 29.66 प्रतिशत है। उन्होने यह भी बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार करवाए गए कार्य को दृष्टिगत रख अतिरिक्त आईटम की स्वीकृति की जानी उचित है।

प्रस्ताव पर विचार कर एवं तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स दुर्गा कन्स्ट्रक्शन द्वारा किए गए रु. 236378.00 राशि के अतिरिक्त आईटम प्रस्तावानुसार अनुमोदित किए गए।

Agenda No. 9 Approval of splitting proposal for construction of Drain Culvert and CD Works at Aravali Vihar Scheme, Bhiwadi.

समिति द्वारा कार्य विभाजन के प्रस्ताव पर विचार कर निम्नानुसार स्वीकृति दी गई:–

| Sr.No | Scheme | Zone | Amount (Rs. in lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of major storms drains Drain & Culvert for disposal of rain water as per plan. | I | 343.00 |
| 2 | Provision for cosntruction of Drain & Culvert on the land for which physical possession yet not taken up. | II | 120.00 |
| 3 | Provsion for construction of Drain & Culvert in the area in which house/ flats yet to be constructed. | III | 324.66 |
| | | Total | 787.66 |

Agenda No. 10 Approval of Extra Items/ Final Deviation for construction of HIG-I 36 Nos. & HIG-II 32 Nos. Skeleton Flats (Stilt+9 Storey) Zone-D at Mewar Apartments, Sector-15, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - Contractor - M/s. Hari Narain Khandelwal.

1. विचलन प्रपत्र – अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति के समक्ष बताया कि प्रस्तावानुसार कार्यादेश राशि से 14.08 प्रतिशत अधिक का विचलन हुआ है। विचलन का प्रमुख कारण कन्सल्टेन्ट द्वारा दिए गए स्ट्रक्चरल डिजाईन को एम.एन.आई.टी. से चैक करवाने पर कॉलम साईज बढ़ाए जाने के साथ रिइन्फोर्समेन्ट के डायामीटर भी बढाए गए। निविदाएं कन्सल्टेन्ट द्वारा दी गई डिजाईन के अनुरूप आमंत्रित की गई थी तथा एम.एन.आई.टी. द्वारा डिजाईन चैक कर बदलाव करने के कारण अधिक मात्रा में कंक्रीट तथा लोहे का प्रयोग किया जाना विचलन का प्रमुख कारण है।

   प्रस्ताव पर तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा चर्चा की गई। रु. 56541411.36 हेतु विचलन प्रपत्र प्रस्तावानुसार अनुमोदित किया गया।

2. अतिरिक्त आईटम – अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि प्रस्तावानुसार भवन की 11 मंजिल पर कन्सल्टेन्ट द्वारा आर.सी.सी. निर्मित पानी का टैंक प्रस्तावित किया गया जिसके लिए विभिन्न कार्यों को करने के लिए बी.एस.आर. के अनुसार देय लिफ्ट के आईटम का जी–शिड्युल में प्रावधान नहीं किया गया था। अतः इससे सम्बन्धित अतिरिक्त आईटम करवाने की आवश्यकता पड़ी।

प्रस्ताव मे दिए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा चर्चा की गई। रु. 153041.14 हेतु अतिरिक्त आईटम प्रस्तावानुसार अनुमोदित किया गया।

Agenda No. 11 Approval of Extra Items/ Final Deviation for construction of HIG-I 36 Nos. & HIG-II 34 Nos. Skeleton Flats (Stilt+9 Storey) Zone-C at Mewar Apartments, Sector-15, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur. Contractor - M/s. Gyarsilal Mohan Lal.

1. विचलन प्रपत्र – अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति के समक्ष बताया कि प्रस्तावानुसार कार्यादेश राशि से 11.34 प्रतिशत अधिक का विचलन

हुआ है। विचलन का प्रमुख कारण कन्सल्टेन्ट द्वारा दिए गए स्ट्रक्चरल डिजाईन को एम.एन.आई.टी. से चैक करवाने पर कॉलम साईज बढ़ाए जाने के साथ रिइन्फोर्समेन्ट के डायामीटर भी बढ़ाए गए। निविदाएं कन्सल्टेन्ट द्वारा दी गई डिजाईन के अनुरूप आमंत्रित की गई थी तथा एम.एन.आई.टी. द्वारा डिजाईन चैक कर बदलाव करने के कारण अधिक मात्रा में कंक्रीट तथा लोहे का प्रयोग किया जाना विचलन का प्रमुख कारण है।

प्रस्ताव पर तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा चर्चा की गई। रु. 56214264.67 हेतु विचलन प्रपत्र प्रस्तावानुसार अनुमोदित किया गया।

2. अतिरिक्त आईटम – अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि प्रस्तावानुसार भवन की 11 मंजिल पर कन्सल्टेन्ट द्वारा आर.सी.सी. निर्मित पानी का टैंक प्रस्तावित किया गया जिसके लिए विभिन्न कार्यों को करने के लिए बी.एस.आर. के अनुसार देय लिफ्ट के आईटम का जी–शिड्युल में प्रावधान नहीं किया गया था। अतः इससे सम्बन्धित अतिरिक्त आईटम करवाने की आवश्यकता पड़ी।

प्रस्ताव मे दिए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा प्रस्ताव पर चर्चा की गई एवं रु. 153041.14 के अतिरिक्त आईटम प्रस्तावानुसार अनुमोदित किए गए।

Agenda No. 12 Approval of Extra Items/ Final Deviation / Final Time Extension for construction of LIG-I 120 Nos. Skeleton Flats (Stilt+10 Storey) Zone-III at Pratap Apartments, Sector-29, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur. Contractor - M/s. Anurag Enterprises.

1. अतिरिक्त आईटम – अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि प्रस्तावानुसार टॉयलेट के "संकन पोर्शन" में रिजिड पीवीसी के पाईप लगवाने की आवश्यकता थी तथा नींव के कार्य में कुछ पत्थर की चुनाई की आवश्यकता को दृष्टिगत रख कुल दो अतिरिक्त आईटम करवाए गए जिनकी लागत रु. 77336.35 है जो कि कार्यादेश राशि का 0.33 प्रतिशत है।

प्रस्ताव मे दिए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा प्रकरण पर चर्चा की गई एवं रु. 77336.35 के अतिरिक्त आईटम प्रस्तावानुसार अनुमोदित किए गए।

2. विचलन प्रपत्र – अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति के समक्ष बताया कि प्रस्तावानुसार कार्यादेश राशि से 25.86 प्रतिशत अधिक का विचलन हुआ है। विचलन का प्रमुख कारण तत्कालीन माननीय नगरीय विकास मंत्री द्वारा दिनांक 4.7.2007 को बैठक में दिए निर्णय के अनुसार विरांगना विहार योजना हेतु स्वीकृत नक्शे को ही सामान्य पंजीकरण योजना के अर्न्तगत बनाए जाने वाले फ्लैट के लिए प्रयुक्त किए जाने के निर्देश दिए थे। इसके अनुसार अल्प आय वर्ग के फ्लैट का क्षेत्रफल 33.06 वर्ग मीटर से बढ़कर 42.44 वर्ग मीटर हो गया तथा लागत में बढ़ोतरी हुई। इस कारण लगभग 24 से 25 प्रतिशत तत्समय हुई अनुमानित लागत में बढ़ोतरी की स्वीकृति तत्कालीन आवासन आयुक्त द्वारा पत्रावली पर दिनांक 17.7.2008 को दी गई थी। प्रकरण में अन्तिम विचलन 25.86

प्रतिशत का हुआ एवं विचलन प्रपत्र 38420454.22 राशि का विचारार्थ प्रस्तुत किया गया।

प्रस्ताव में दिए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा चर्चा की गई। रु. 38420454.22 हेतु विचलन प्रपत्र प्रस्तावानुसार अनुमोदित किया गया।

3. टाईम एक्स्टेन्शन प्रकरण – अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने बताया कि अनुबन्ध में कार्य करवाने में कुल 89 दिवस का विलम्ब हुआ है। प्रस्तावानुसार विलम्ब के प्रमुख कारण आर्किटेक्ट कन्सल्टेन्ट द्वारा कार्य के प्रारम्भ में ब्रिक्स मेसेनरी की ड्राईंग देने में विलम्ब तथा बाद में लिफ्ट के मशीन–रूम के स्ट्रक्चर की ड्राईंग देने में विलम्ब हुआ। इसके अतिरिक्त ठेकेदार द्वारा 26 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य करवाने में अतिरिक्त समय लगा। प्रस्तावानुसार इन कारणों को दृष्टिगत रख निर्माण कार्य में हुए कुल 89 दिवस की समयावधि बढ़ाने का प्रकरण प्रस्तुत किया गया।

   प्रस्ताव में दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा प्रकरण पर चर्चा की गई। समिति द्वारा ठेकेदार को विलम्ब हेतु आंशिक–रूप से जिम्मेदार मानते हुए रु. 20,000/– की एकमुश्त शास्ती लगाते हुए अनुबन्ध की समयावधि 89 दिवस बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

Agenda No. 13 Approval of Extra Items/ Final Deviation/ Final Time Extension for construction of LIG 180 Nos. Skeleton Flats (Stilt+10 Storey) at Pratap Apartments, Sector-29, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur. Contractor - M/s. Suri Construction.

1. अतिरिक्त आईटम – अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि प्रस्तावानुसार चार अतिरिक्त आईटम करवाए गए जिनमें टॉयलेट के "संकन पोर्शन" में रिजिड पीवीसी के पाईप लगवाने की आवश्यकता थी तथा नींव के कार्य में कुछ पत्थर की चुनाई की आवश्यकता थी तथा खुदाई के कार्य का आईटम जी–शिड्युल में नहीं लिए गया था। कुल चार अतिरिक्त आईटम करवाए गए जिनकी लागत रु. 169747.59 है जो कि कार्यादेश राशि का 0.37 प्रतिशत है। कार्य की आवश्यतानुसार कार्य करवाया गया।
   प्रस्ताव मे दिए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा प्रकरण पर चर्चा की गई एवं रु. 169747.59 के अतिरिक्त आईटम प्रस्तावानुसार अनुमोदित किए गए।

2. विचलन प्रपत्र – अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति के समक्ष बताया कि प्रस्तावानुसार कार्यादेश राशि से 13.98 प्रतिशत अधिक का विचलन हुआ है। विचलन का प्रमुख कारण तत्कालीन माननीय नगरीय विकास मंत्री द्वारा दिनांक 4.7.2007 को बैठक में दिए निर्णय के अनुसार विरांगना विहार योजना हेतु स्वीकृत नक्शे को ही सामान्य पंजीकरण योजना के अर्न्तगत बनाए जाने वाले फ्लैट के लिए प्रयुक्त किए जाने के निर्देश दिए थे। इसके अनुसार अल्प आय वर्ग के फ्लैट का क्षैत्रफल 33.06 वर्ग मीटर से बढ़कर 42.44 वर्ग मीटर हो गया तथा लागत में बढ़ोतरी हुई। इस कारण लगभग 24 से 25 प्रतिशत तत्समय हुई अनुमानित लागत में बढ़ोतरी की स्वीकृति तत्कालीन आवासन आयुक्त द्वारा पत्रावली पर दिनांक 17.7.2008 को दी गई थी।

प्रकरण में अन्तिम विचलन 13.98 प्रतिशत का हुआ क्योंकि इस अनुबन्ध में स्टेयरकेस का निर्माण सम्मिलित नही था जबकि अन्य अनुबन्धों में स्टेयरकेस का निर्माण सम्मिलित हैं तथा उन कार्यों में विचलन 25 प्रतिशत के लगभग हुआ है। विचलन प्रपत्र 52206906.82 राशि का विचारार्थ प्रस्तुत किया गया।

प्रस्ताव में दिए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा चर्चा की गई। रु. 52206906.82 हेतु विचलन प्रपत्र प्रस्तावानुसार अनुमोदित किया गया।

3. टाईम एक्स्टेन्शन प्रकरण – अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने बताया कि अनुबन्ध में कार्य करवाने में कुल 195 दिवस का विलम्ब हुआ है। प्रस्तावानुसार विलम्ब के प्रमुख कारण आर्किटेक्ट कन्सल्टेन्ट द्वारा कार्य के प्रारम्भ में ब्रिक्स मेसेनरी की ड्राईंग देने में विलम्ब तथा बाद में लिफ्ट के मशीन–रूम के स्ट्रक्चर की ड्राईंग देने में विलम्ब हुआ। इसके अतिरिक्त ठेकेदार द्वारा 13.98 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य करवाने में अतिरिक्त समय लगा। इसके अतिरिक्त 60 दिवस का समय ब्लॉक–सी की भूमि पर निर्माण सामग्री इकट्ठी की गई थी तथा ब्लॉक–ए व बी के निर्माण आंशिक रूप से पूरे होने के पश्चात् ही खाली हो पाई। प्रस्तावानुसार इन कारणों को दृष्टिगत रख निर्माण कार्य में हुए कुल 195 दिवस की समयावधि बढ़ाने का प्रकरण प्रस्तुत किया गया।

प्रस्ताव में दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा प्रकरण पर चर्चा की गई। चर्चा के आधार पर समिति को प्रस्ताव में दिए गए कारणों के आधार पर 38 दिवस का विलम्ब सही प्रतीत हुआ। निर्धारित समयावधि में हुए विलम्ब हेतु आंशिकरूप से ठेकेदार के दायित्व को दृष्टिगत रख रु. 2,50,000/– की एकमुश्त शास्ती लगाते हुए अनुबन्ध की समयावधि 195 दिवस बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

Agenda No. 14 Approval of Extra Items/ Final Deviation/ Final Time Extension for construction of LIG 120 Nos. Skeleton Flats (Stilt+10 Storey) at Pratap Apartments, Sector-29, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur. Contractor - M/s. Harinarayan Khandelwal.

1. अतिरिक्त आईटम – अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि प्रस्तावानुसार पॉच अतिरिक्त आईटम करवाए गए जिनमें टॉयलेट के "संकन पोर्शन" में रिजिड पीवीसी के पाईप लगवाने की आवश्यकता थी तथा नींव के कार्य में कुछ पत्थर की चुनाई की आवश्यकता थी तथा खुदाई के कार्य का आईटम जी–शिड्युल में नहीं लिए गया था। कुल पॉच अतिरिक्त आईटम करवाए गए जिनकी लागत रु. 122114.70 है जो कि कार्यादेश राशि का 0.40 प्रतिशत है। कार्य की आवश्यतानुसार कार्य करवाया गया।
प्रस्ताव मे दिए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा प्रकरण पर चर्चा की गई एवं रु. 122114.70 के अतिरिक्त आईटम प्रस्तावानुसार अनुमोदित किए गए।

2. विचलन प्रपत्र – अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति के समक्ष बताया कि प्रस्तावानुसार कार्यादेश राशि से 42.32 प्रतिशत अधिक का विचलन

हुआ है। विचलन का प्रमुख कारण तत्कालीन माननीय नगरीय विकास मंत्री द्वारा दिनांक 4.7.2007 को बैठक में दिए निर्णय के अनुसार विरांगना विहार योजना हेतु स्वीकृत नक्शे को ही सामान्य पंजीकरण योजना के अर्न्तगत बनाए जाने वाले फ्लैट के लिए प्रयुक्त किए जाने के निर्देश दिए थे। इसके अनुसार अल्प आय वर्ग के फ्लैट का क्षैत्रफल 33.06 वर्ग मीटर से बढ़कर 42.44 वर्ग मीटर हो गया तथा लागत में बढ़ोतरी हुई। इस कारण लगभग 24 से 25 प्रतिशत तत्समय हुई अनुमानित लागत में बढ़ोतरी की स्वीकृति तत्कालीन आवासन आयुक्त द्वारा पत्रावली पर दिनांक 17.7.2008 को दी गई थी।

प्रकरण में अन्तिम विचलन 42.32 प्रतिशत का हुआ जबकि इसी योजना के अन्य अनुबन्धों में सामान्य विचलन 25 प्रतिशत के लगभग था। इसका प्रमुख कारण इस अनुबन्ध के अर्न्तगत 2 अतिरिक्त स्टेयरकेस मय लॉबी के निर्माण करवाया जाना है। विचलन प्रपत्र 43445041.52 राशि का विचारार्थ प्रस्तुत किया गया।

प्रस्ताव में दिए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा चर्चा की गई। रु. 43445041.52 हेतु विचलन प्रपत्र प्रस्तावानुसार अनुमोदित किया गया।

3. टाईम एक्सटेन्शन प्रकरण – अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने बताया कि अनुबन्ध में कार्य करवाने में कुल 104 दिवस का विलम्ब हुआ है। प्रस्तावानुसार विलम्ब के प्रमुख कारण आर्किटेक्ट कन्सल्टेन्ट द्वारा कार्य के प्रारम्भ में ब्रिक्स मेसेनरी की ड्राईंग देने में विलम्ब हुआ। इसके अतिरिक्त ठेकेदार द्वारा 42.32 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य करवाने में अतिरिक्त समय लगा। प्रस्तावानुसार इन कारणों को दृष्टिगत रख निर्माण कार्य में हुए कुल 104 दिवस की समयावधि बढाने का प्रकरण प्रस्तुत किया गया।

   प्रस्ताव में दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा प्रकरण पर चर्चा की गई। समिति द्वारा ठेकेदार को विलम्ब हेतु आंशिक–रूप से जिम्मेदार मानते हुए रु. 20,000/– की एकमुश्त शास्ती लगाते हुए अनुबन्ध की समयावधि 104 दिवस बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

Agenda No. 15 — Approval of Extra Items/ Final Deviation/ Final Time Extension for construction of LIG 120 Nos. Skeleton Flats (Stilt+10 Storey) at Pratap Apartments, Sector-29, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur. Contractor - M/s. Pradeep Kumar Jain.

1. अतिरिक्त आईटम – अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि प्रस्तावानुसार टॉयलेट के "संकन पोर्शन" में रिजिड पीवीसी के पाईप लगवाने की आवश्यकता थी तथा नींव के कार्य में कुछ पत्थर की चुनाई की आवश्यकता को दृष्टिगत रख कुल दो अतिरिक्त आईटम करवाए गए जिनकी लागत रु. 103004.84 है जो कि कार्यादेश राशि का 0.33 प्रतिशत है।
   प्रस्ताव मे दिए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा प्रकरण पर चर्चा की गई एवं रु. 103004.84 के अतिरिक्त आईटम प्रस्तावानुसार अनुमोदित किए गए।

2. विचलन प्रपत्र – अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति के समक्ष बताया कि प्रस्तावानुसार कार्यादेश राशि से 25.28 प्रतिशत अधिक का विचलन हुआ है। विचलन का प्रमुख कारण तत्कालीन माननीय नगरीय विकास मंत्री द्वारा दिनांक 4.7.2007 को बैठक में दिए निर्णय के अनुसार विरांगना विहार योजना हेतु स्वीकृत नक्शे को ही सामान्य पंजीकरण योजना के अर्न्तगत बनाए जाने वाले फ्लैट के लिए प्रयुक्त किए जाने के निर्देश दिए थे। इसके अनुसार अल्प आय वर्ग के फ्लैट का क्षैत्रफल 33.06 वर्ग मीटर से बढ़कर 42.44 वर्ग मीटर हो गया तथा लागत में बढोतरी हुई। इस कारण लगभग 24 से 25 प्रतिशत तत्समय हुई अनुमानित लागत में बढोतरी की स्वीकृति तत्कालीन आवासन आयुक्त द्वारा पत्रावली पर दिनांक 17.7.2008 को दी गई थी। प्रकरण में अन्तिम विचलन 25.28 प्रतिशत का हुआ एवं विचलन प्रपत्र 38244522.64 राशि का विचारार्थ प्रस्तुत किया गया।

प्रस्ताव में दिए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा चर्चा की गई। रु. 38244522.64 हेतु विचलन प्रपत्र प्रस्तावानुसार अनुमोदित किया गया।

3. टाईम एक्स्टेन्शन प्रकरण – अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने बताया कि अनुबन्ध में कार्य करवाने में कुल 123 दिवस का विलम्ब हुआ है। प्रस्तावानुसार विलम्ब के प्रमुख कारण आर्किटेक्ट कन्सल्टेन्ट द्वारा कार्य के प्रारम्भ में ब्रिक्स मेसेनरी की ड्राईंग देने में विलम्ब तथा बाद में लिफ्ट के मशीन–रूम के स्ट्रक्चर की ड्राईंग देने में विलम्ब हुआ। इसके अतिरिक्त ठेकेदार द्वारा 25.28 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य करवाने में अतिरिक्त समय लगा। प्रस्तावानुसार इन कारणों को दृष्टिगत रख निर्माण कार्य में हुए कुल 123 दिवस की समयावधि बढ़ाने का प्रकरण प्रस्तुत किया गया।

प्रस्ताव में दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा प्रकरण पर चर्चा की गई। समिति द्वारा ठेकेदार को विलम्ब हेतु आंशिक–रूप से जिम्मेदार मानते हुए रु. 25,000/– की एकमुश्त शास्ती लगाते हुए अनुबन्ध की समयावधि 123 दिवस बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

Agenda No. 16 Approval of Extra Items/ Final Deviation for construction of HIG-I 40 Nos. & HIG-II 40 Nos. Skeleton Flats (Stilt+10 Storey) Zone-E at Mewar Apartments, Sector-15, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur. Contractor - M/s. Laxmi Narain Agarwal.

1. विचलन प्रपत्र – अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति के समक्ष बताया कि प्रस्तावानुसार कार्यादेश राशि से 4.35 प्रतिशत अधिक का विचलन हुआ है। विचलन का प्रमुख कारण कन्सल्टेन्ट द्वारा दिए गए स्ट्रक्चरल डिजाईन को एम.एन.आई.टी. से चैक करवाने पर कॉलम साईज बढ़ाए जाने के साथ रिइन्फोर्समेन्ट के डायामीटर भी बढ़ाए गए। निविदाएं कन्सल्टेन्ट द्वारा दी गई डिजाईन के अनुरूप आमंत्रित की गई थी तथा एम.एन.आई.टी. द्वारा डिजाईन चैक कर बदलाव करने के कारण अधिक मात्रा में कंक्रीट तथा लोहे का प्रयोग किया जाना विचलन का प्रमुख कारण है।

प्रस्ताव पर तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा चर्चा की गई। रु. 57638735.02 हेतु विचलन प्रपत्र प्रस्तावानुसार अनुमोदित किया गया।

2. अतिरिक्त आईटम – अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि प्रस्तावानुसार भवन की 11 मंजिल पर कन्सल्टेन्ट द्वारा आर.सी.सी. निर्मित पानी का टैंक प्रस्तावित किया गया जिसके लिए विभिन्न कार्यों को करने के लिए बी.एस.आर. के अनुसार देय लिफ्ट के आईटम का जी–शिड्युल में प्रावधान नहीं किया गया था। अतः इससे सम्बन्धित अतिरिक्त आईटम करवाने की आवश्यकता पड़ी।

प्रस्ताव में दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा चर्चा कर रु. 79692.91 हेतु अतिरिक्त आईटम प्रस्तावानुसार अनुमोदित किया गया।

Agenda No. 17 Approval of Extra Items/ Final Deviation/ Final Time Extension for construction of HIG-I 40 Nos. & HIG-II 10 Nos. Skeleton Flats (Stilt+10 Storey) at Pratap Apartments, Sector-29, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur. Contractor - M/s. Gyarsilal Mohanlal.

1. अतिरिक्त आईटम – अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि प्रस्तावानुसार उच्च आय वर्ग के फ्लैटस् हेतु सेम्पल हाउस तैयार करवाने का निर्णय लिया गया जिसके लिए फिनिशिंग के आईटम जैसेः प्लास्टर, फ्लोरिंग, पी.ओ.पी. इत्यादि के आईटम इस अनुबन्ध के अर्न्तगत नहीं थे। आवश्यकता को दृष्टिगत रख कुल आठ अतिरिक्त आईटम करवाए गए जिनकी लागत रु. 514784.85 है जो कि कार्यादेश राशि का 1.51 प्रतिशत है।
प्रस्ताव मे दिए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा प्रकरण पर चर्चा की गई एवं रु. 514784.85 के अतिरिक्त आईटम प्रस्तावानुसार अनुमोदित किए गए।

2. विचलन प्रपत्र – अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति के समक्ष बताया कि प्रस्तावानुसार कार्यादेश राशि से 35.89 प्रतिशत अधिक का विचलन हुआ है। विचलन का प्रमुख कारण स्टिल्ट फ्लोर पर कार इत्यादि के मूवमेन्ट के लिए कॉलम कम किए गए परिणामस्वरूप ग्राउण्ड फ्लोर के ऊपर फ्लोटिंग कॉलम देने की आवश्यकता हुई। इस कारण सम्बन्धित बीम व कॉलम की साईज बढ़ी तथा लोहा अधिक लगाने की आवश्यकता भी हुई क्योंकि बीम का स्पैन बढ़ गया। प्रकरण में अन्तिम विचलन 35.89 प्रतिशत का हुआ एवं विचलन प्रपत्र 46323638.94 राशि का विचारार्थ प्रस्तुत किया गया।

प्रस्ताव में दिए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा प्रकरण पर चर्चा की गई। रु. 46323638.94 हेतु विचलन प्रपत्र प्रस्तावानुसार अनुमोदित किया गया।

3. टाईम एक्स्टेन्शन प्रकरण -- अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने बताया कि अनुबन्ध में कार्य करवाने में कुल 249 दिवस का विलम्ब हुआ है। प्रस्तावानुसार विलम्ब के प्रमुख कारण आर्किटेक्ट कन्स्ल्टेन्ट द्वारा कार्य के प्रारम्भ में ब्रिक्स मेसेनरी की ड्राईंग देने में विलम्ब तथा बाद में लिफ्ट के मशीन–रूम के स्ट्रक्चर की ड्राईंग देने में विलम्ब हुआ। इसके अतिरिक्त ठेकेदार द्वारा 35.89 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य करवाने में अतिरिक्त समय

लगा। प्रस्तावानुसार इन कारणों को दृष्टिगत रख निर्माण कार्य में हुए कुल 249 दिवस की समयावधि बढ़ाने का प्रकरण प्रस्तुत किया गया।

प्रस्ताव में दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा प्रकरण पर चर्चा की गई। चर्चा के आधार पर समिति को प्रस्ताव में दिए गए कारणों के आधार पर 90 दिवस का विलम्ब सही प्रतीत हुआ। निर्धारित समयावधि में हुए विलम्ब हेतु आंशिकरूप से ठेकेदार के दायित्व को दृष्टिगत रख रु. 1,00,000/– की एकमुश्त शास्ती लगाते हुए अनुबन्ध की समयावधि 249 दिवस बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

Agenda No. 18 Approval of Extra Items/ Final Deviation/ Final Time Extension for construction of MIG-B 110 Nos. Skeleton Flats (Stilt+10 Storey) at Pratap Apartments, Sector-29, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur. Contractor - M/s. Raj Construction.

1. अतिरिक्त आईटम – अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि प्रस्तावानुसार नींव के कार्य में कुछ पत्थर की चुनाई की आवश्यकता को दृष्टिगत रख कुल एक अतिरिक्त आईटम करवाया गया जिसकी लागत रु. 271489.40 है जो कि कार्यादेश राशि का 0.53 प्रतिशत है।
प्रस्ताव मे दिए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा प्रकरण पर चर्चा की गई एवं रु. 271489.40 के अतिरिक्त आईटम प्रस्तावानुसार अनुमोदित किए गए।

2. विचलन प्रपत्र – अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति के समक्ष बताया कि प्रस्तावानुसार कार्यादेश राशि से 33.57 प्रतिशत अधिक का विचलन हुआ है। विचलन का प्रमुख कारण स्टिल्ट फ्लोर पर कार इत्यादि के मूवमेन्ट के लिए कॉलम कम किए गए परिणामस्वरूप ग्राउण्ड फ्लोर के ऊपर फ्लोटिंग कॉलम देने की आवश्यकता हुई। इस कारण सम्बन्धित बीम व कॉलम की साईज बढ़ी तथा लोहा अधिक लगाने की आवश्यकता भी हुई क्योंकि बीम का स्पैन बढ़ गया। प्रकरण में अन्तिम विचलन 33.57 प्रतिशत का हुआ एवं विचलन प्रपत्र 68574451.08 राशि का विचारार्थ प्रस्तुत किया गया।

   प्रस्ताव में दिए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा प्रकरण पर चर्चा की गई। रु. 68574451.08 हेतु विचलन प्रपत्र प्रस्तावानुसार अनुमोदित किया गया।

3. टाईम एक्स्टेन्शन प्रकरण – अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने बताया कि अनुबन्ध में कार्य करवाने में कुल 357 दिवस का विलम्ब हुआ है। प्रस्तावानुसार विलम्ब के प्रमुख कारण आर्किटेक्ट कन्सल्टेन्ट द्वारा कार्य के प्रारम्भ में ब्रिक्स मेसेनरी की ड्राईंग देने में विलम्ब तथा बाद में लिफ्ट के मशीन–रूम के स्ट्रक्चर की ड्राईंग देने में विलम्ब हुआ। इसके अतिरिक्त ठेकेदार द्वारा 35.89 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य करवाने में अतिरिक्त समय लगा। प्रस्तावानुसार इन करणों से निर्माण कार्य में हुए कुल 357 दिवस के विलम्ब के लिए ठेकेदार को जिम्मेदार नहीं माना गया है।

प्रस्ताव में दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा प्रकरण पर चर्चा की गई। समिति द्वारा प्रस्ताव में दिए गए कारणों के आधार पर लगभग 200 दिवस का विलम्ब सही पाया गया तथा विलम्ब की शेष अवधि हेतु ठेकेदार को जिम्मेदार मानते हुए नियत अवधि में 200 दिवस का योग कर उस दिन तक किए गए कार्य हेतु किए गए भुगतान पश्चात् बकाया कार्य की राशि को आधार मानते हुए रु. 1,00,000/– की एकमुश्त शास्ती लगाते हुए अनुबन्ध की समयावधि 357 दिवस बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

Agenda No. 19 Approval of proposal of splitting for development works of MIG-A (G+3) = 640 SFS flats at Sector-28, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur.

समिति द्वारा कार्य विभाजन के प्रस्ताव पर विचार कर निम्नानुसार स्वीकृति दी गईः–

| Sr.No | Scheme | Amount (Rs. in lacs) |
|---|---|---|
| 1 | Construction of roads | 158.49 |
| 2 | Construction of cmopound wall, park boundary wall, stone water drain & parking space. | 197.91 |
| 3 | Plantation Work | 8.58 |
| 4 | Providing & fixing of Signboards. | 3.28 |
| 5 | Maintenance of MIG-A Campus. | 14.00 |
| | Total | 382.26 |

**समिति की बैठक माननीय अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये समाप्त की गयी।**

सदस्य सचिव–कार्य समिति एवं
तकनीकी सहायक–अध्यक्ष

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव अध्यक्ष, राजस्थान आवासन मंडल, जयपुर।
2. निजी सचिव – आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मंडल जयपुर।
3. निजी सहायक, मुख्य नगर नियोजक, राज0 सरकार, जयपुर।
4. मुख्य अभियंता, रा0आ0मं0, जयपुर।
5. वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी, रा0आ0मं0 जयपुर।
6. अतिरिक्त मुख्य अभियंता–I/II, राज. आ. मंडल, जयपुर
7. उप आवासन आयुक्त, वृत्त–प्रथम/द्वितीय/तृतीय, रा.आ.मं., जयपुर /वृत्त जोधपुर प्रथम/द्वितीय।
8. तकनीकी सहायक, आवासन आयुक्त, राज.आ.मण्डल, जयपुर।

सदस्य सचिव–कार्य समिति एवं
तकनीकी सहायक–अध्यक्ष